# अटल बिहारी वाजपेयी
# राजकीय महाविद्यालय नौरा
## जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

## वार्षिक प्रतिवेदनः 2021-22
## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह




मुख्यातिथिः-

## श्री विपिन सिंह परमार जी

मानतीय अध्यक्ष हि0 प्र0 विधानसभा

दूरभाष : 222837
website : gcnaura.in

डॉ संजीवन कटोच
प्राचार्या

## आभार :

मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से समारोह के मुख्य अतिथि **श्री विपिन सिंह परमार (माननीय अध्यक्ष, हि. प्र. विधानसभा)** जी का हार्दिक धन्यवाद करती हूँ कि आपने अपने मूल्यवान विचारों से हम सब का मार्गदर्शन किया। महोदय, महाविद्यालय की जो भी मांग एवं समस्या आपके समक्ष रखी गई उसका निवारण आपने तुरन्त किया। इसके लिए हम आपके **सदैव** आभारी रहेंगे।

मैं श्रीमती शर्मिला परमार जी का भी समारोह में पधारने पर हार्दिक धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने अपनी व्यस्तता के बावजूद भी हमारे लिए समय निकाला। पी.टी. ए. एवं ओ. एस. ए के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों के प्रति मैं हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करती हूं जिन्होंने यथा समय महाविद्यालयको सुचारु रुप से चलाने में योगदान दिया है।

महाविद्यालय की हर गतिविधि को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, गैर - शिक्षक कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों विशेषतः केन्द्रीय छात्र परिषद का योगदान सराहनीय रहा है, मैं इन सभी का धन्यवाद करती हूँ। हिमाचल प्रदेश विद्युत परिषद, लोक निर्माण विभाग, भारतीय दूरसंचार निगम, पुलिस विभाग और सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी विशेष रुप से धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होंने समय-समय पर महाविद्यालय को सहयोग दिया है।

मैं आशीष शर्मा **S.D.M.** धीरा, श्री सिकन्दर कुमार **B.D.O.** भेड़ू महादेव , श्री सुनील मेहता **B.D.C.** चैयरमैन, श्री विकास धीमान प्रधान नौरा पंचायत और यहां विराजमान अन्य जनप्रतिनिधियों का भी धन्यवाद करती हूँ, जिन्होंने सदैव महाविद्यालय को सहयोग दिया है।

मैं लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ मीडिया के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करती हूँ जिन्होंने समय-समय पर महाविद्यालय की विकासात्मक गतिविधियों के बारे लोगों तक जानकारी पहुँचाई। इसी कारण हमारा कॉलेज प्रदेश के महत्वपूर्ण कॉलेजों की श्रैणी में शामिल हैं। मैं समस्त उपस्थित अतिथिगण का भी आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने यहाँ पधार कर समारोह की शोभा बढ़ाई है।

इसके अतिरिक्त जिन महानुभावों एवं संस्थाओं का सहयोग प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रुप से महाविद्यालय को समय-समय पर मिलता रहा है उन सबका भी मैं हार्दिक धन्यवाद करती हूँ।

धन्यवाद!

**जय हिन्द, जय भारत।**

**डॉ. संजीवन कटोच (प्राचार्या)**
**अटल बिहारी वाजपेयी**
**राजकीय महाविद्यालय,नौरा**
**जिला काँगड़ा (हि. प्र.)**

**राजकीय महाविद्यालय नौरा** के **वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह** के शुभ अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में पधारे आदरणीय **श्री विपिन सिंह परमार जी (माननीय अध्यक्ष, हि0 प्र0 विधानसभा)** का एवं यहाँ उपस्थित सभी अतिथियों का मैं महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करती हूं।

**म्हाविद्यालय का परिचय**

मान्यवर, नौरा के इस रमणीय स्थल पर स्थित राजकीय महाविद्यालय नौरा, जिला कांगड़ा की स्थापना 6 फरवरी 2007 को हुई इस शिक्षण संस्थान में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय की तीन कक्षाओं में कुल 502 छात्र-छात्राऐं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसके अलावा आपके भरसक प्रयासों द्वारा विद्यार्थियों को व्यवसायिक और तकनीकी शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए इस सत्र से बी. बी. ए. व बी. सी. ए. की कक्षाएं भी आरम्भ की गई हैं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एवं NAAC से मान्यता प्राप्त यह महाविद्यालय सुलह क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए थोड़े समय में महत्वपूर्ण स्थान के रूप में उभर कर सामने आया है। इस महाविद्यालय के सर्वागीण विकास के लिए उचित कक्षा कक्ष, पुस्तकालय, कम्पयूटर लैब, इंटरनैट की सुविधा के साथ-साथ खेल का मैदान उपलब्ध करवाया गया है। विद्यार्थियों के शारीरिक विकास हेतु एक आधुनिक उपकरणों से युक्त व्यायामशाला (Gym) भी स्थापित की गई है। विद्यार्थियों के सृजन विकास हेतु नवरंग पत्रिका प्रकाशित की जा रही है। सांस कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना, रोबर्ज एवं रेंजर्स, इको क्लब, महिला प्रकोष्ठ एवं मार्गदर्शक प्रकोष्ठ (Guidance Cell) को महत्व दिया जा रहा है।

**महाविद्यालय स्टाफ (शिक्षक वर्ग)**

महाविद्यालय में प्राचार्या के अतिरिक्त प्राध्यापकों के 19 पद स्वीकृत हैं जिनमें 15 प्राध्यापक वर्तमान समय में नियमित रुप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जबकि 4 पद (गणित -1, रसायनिक विज्ञान-1, प्राणी विज्ञान-1, संस्कृत -1) रिक्त हैं। महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापकों का विवरण इस प्रकार हैः-

| क्र0 | नाम | पद/विषय |
|---|---|---|
| 1. | डा. संजीवन कटोच | प्राचार्या |
| 2. | प्रो. राका शर्मा | अंग्रेजी |
| 3. | प्रो. कमल कुमार | अर्थशास्त्र |
| 4. | डा. गगन जग्गी | वाणिज्य |
| 5. | प्रो. मानक सूर्यवंशी | हिन्दी |
| 6. | डा. अनुपमा डोगरा | गणित |
| 7. | प्रो. अशोक कुमार | भूगोल विज्ञान |
| 8. | प्रो. अरुण दीक्षित | भौतिक विज्ञान |
| 9. | डा. हितेश ठाकुर | वनस्पति विज्ञान |
| 10. | डा. प्रदीप सिंह | वाणिज्य |
| 11. | प्रो. पवन कुमार राणा | राजनीति शास्त्र |
| 12. | प्रो. सुनीता कुमारी | अंगेजी |
| 13. | डा. विवेक शर्मा | भौतिक विज्ञान |
| 14. | प्रो.सपना कुमारी | इतिहास |
| 15. | प्रो. नेहा | प्राणी विज्ञान |
| 16. | प्रो. विवेकानन्द | संस्कृत (On Deputation) |
| 17. | डा. इन्द्र कुमार | रसायन विज्ञान (On Deputation) |

## गैर शिक्षक वर्ग :-

गैर शिक्षक श्रेणी में इस महाविद्यालय के लिए स्वीकृत 24 में से 12 पदों पर कर्मचारी कार्यरत हैं जिनका विवरण इस प्रकार है -

| क्र0 | नाम | पद/विषय |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती विन्दू सूद | लाइवरेरियन |
| 2. | श्री विशन सिंह | सहायक लाइवरेरियन |
| 3. | श्री अनिल राणा | अधीक्षक |
| 4. | श्री गन्धर्व कुमार मेहता | लिपिक |
| 5. | श्री मुकेश कुमार | लिपिक |
| 6. | श्री राजिन्द्र | कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक |
| 7. | श्री विकास शर्मा | कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक |
| 8. | श्री सुरजीत सिंह | प्रयोगशाला सहायक |
| 9. | श्री बलदेव सिंह | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी |
| 10. | श्रीमती शान्ति देवी | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी |
| 11. | श्री लाल चन्द | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी |
| 12. | श्रीमती रानी देवी | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी |
| 13. | श्री पूर्ण चन्द | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी |

**श्री राजिन्द्र कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के पद से 28/02/2022 से सेवानिवृत हुए।**

## विद्यार्थियों की संख्या

महोदय वर्तमान सत्र में कुल 502 विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त किया है। इनमें से 206 छात्र तथा 296 छात्राएं हैं। गत वर्ष की अपेक्षा 31.4 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। महाविद्यालय में इस सत्र में बी. बी. ए. एवम् बी. सी. ए. के प्रथम सत्र की कक्षाएं शुरु हुई। कला, वाणिज्य तथा विज्ञान संकायों में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों का विवरण इस प्रकार है।

| क्र0 सं0 | ग्रुप | कक्षा | छात्र | छात्राएँ | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कला संकाय | बी.ए. प्रथम वर्ष | 40 | 68 | 108 |
| | | बी.ए. द्वित्तिय वर्ष | 20 | 47 | 67 |
| | | बी.ए. तृतीय वर्ष | 21 | 64 | 85 |
| 2. | विज्ञान संकाय | बी.एस.सी. प्रथम वर्ष | 19 | 23 | 42 |
| | | बी.एस.सी. द्वित्तिय वर्ष | 14 | 11 | 25 |
| | | बी.एस.सी. तृतीय वर्ष | 11 | 09 | 20 |
| 3. | वाणिज्य संकाय | बी.कॉम. प्रथम वर्ष | 21 | 25 | 46 |
| | | बी.कॉम. द्वित्तिय वर्ष | 22 | 16 | 38 |
| | | बी.कॉम. तृतीय वर्ष | 19 | 22 | 41 |
| 4. | बी. बी. ए. | वी. वी. ए. प्रथम वर्ष | 03 | 03 | 06 |
| 5 | बी. सी. ए. | वी. सी. ए. प्रथम वर्ष | 16 | 08 | 24 |
| | कुल | | 206 | 296 | 502 |

## व्यावसाहिक कोर्स (B.C.A. & B.B.A.)

राजकीय महाविद्यालय नौरा में इस वर्ष से व्यावसाहिक कोर्स (B.C.A. & B.B.A.) के कोर्स शुरू कर दिए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्र का महाविद्यालय होने के कारण इस तरह के व्यावसाहिक कोर्स की यहां बहुत आवश्यकता थी। अतः इन कोर्सो के शुरू होने से स्थानीय लोगों में अपार हर्ष है। इन कोर्सो को शुरू करने के लिए जरूरी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए महाविद्यालय प्रशासन ने अथक प्रयास किए और सफलता भी हासिल की। जिसके फलस्वरूप B.C.A. प्रथम वर्ष में 24 व B.B.A. प्रथम वर्ष में 06 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। इस तरह के व्यावसायिक कोर्स शुरू करने से महाविद्यालय में रोजगार के अवसर भी पैदा होगे व विद्यार्थियों को भी शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम (Annual Result)

महाविद्यालय में श्रेष्ठ परिणामों की परम्परा रही है। जिसका श्रेय महाविद्यालय के योग्य एवं प्रशिक्षित शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग को जाता है। जो सदैव कॉलेज परिसर में शैक्षणिक वातावरण बनाये रखते हैं। गत वर्ष कोरोना महामारी के कारण केवल महाविद्यालय में बी.ए., बी. एस. सी, व बी. कॉम अन्तिम वर्ष की परीक्षाएं हि0 प्र0 विश्वविद्यालय के अन्तर्गत हो सकीं।

## गृह परीक्षा (House Exams)

महाविद्यालय में सत्र 2021-22 में डा0 गग्गन जग्गी के समन्वय में आयोजित गृह परीक्षा में महाविद्यालय की उपस्थिति शत प्रतिशत रही। समग्र मूल्यांकन हेतु मौखिक एवं लिखित कार्य सभी विभागों द्वारा करवाये गये। यह परीक्षा राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के नवीन पाठ्यक्रम के तहत फरवरी माह के दूसरे सप्ताह से लेकर अंतिम सप्ताह तक करवाई गई।

## छात्रवृतियाँ (Scholarship) सत्र 2021 -22

महाविद्यालय में अनुसूचित जाति 01, अन्य पिछड़ावर्ग 04, एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम (IRDP) से 03 तथा आर्थिक रुप से पिछड़ा वर्ग से 01 मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृतियाँ प्रदान की जा रही हैं।

## अभिभावक अध्यापक संघ (PTA)

अभिभावक - अध्यापक संघ का प्रमुख उद्धेश्य शिक्षा में गुणात्मक सुधार करना तथा छात्र हितों की रक्षा करना है। प्रारम्भ से ही यह संघ महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता रहा है। 2021-22 सत्र में पुनः सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारी एवं सदस्य चुने गये:-

| क्रं0 | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | डा0 संजीवन कटोच | संरक्षक /प्राचार्या |
| 2. | श्री विधि चन्द | प्रधान |
| 3. | श्री मंजीत सिंह | उपप्रधान |
| 4. | प्रो0 कमल कुमार | सचिव |
| 4. | श्रीमती सुनीता कुमारी | कोषाध्यक्ष |
| 5. | श्रीमती सरोज कुमारी | संयुक्त सचिव |
| 6. | प्रो0 राका शर्मा | सदस्य |
| 7. | प्रो0 मानक सूर्यवंशी | सदस्य |
| 8. | प्रो0 पवन कुमार | सदस्य |
| 9. | श्री कल्याण चन्द | सदस्य |
| 10. | श्री विनोद कुमार | सदस्य |
| 11. | श्रीमती सुकन्या कुमारी | सदस्य |
| 12. | श्रीमती माया देवी | सदस्य |
| 13. | देश राज | सदस्य |

## नवरंग वार्षिक पत्रिका :-

महाविद्यालय द्वारा छात्रों की व्यक्तिगत अभिव्यक्ति को निखारने हेतू अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, विज्ञान, योजना मंच, पहाड़ी, इतिहास एवं संस्कृति अनुभागों में 'नवरंग' वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है। विधानसभा सत्र 2021 -22 में इस पत्रिका का विमोचन आदरणीय श्री विपिन सिंह परमार जी माननीय अध्यक्ष विधानसभा द्वारा किया गया, यह पत्रिका विद्यार्थियों में वैचारिक चिंतन एवं लेखन के प्रति रुचि पैदा करती है। प्रो0 राका शर्मा पत्रिका की मुख्य संपादिका है।

## कॉलेज वैबसाईट

महाविद्यालय की अपनी वैबसाइट www.gcnaura.in प्रारम्भ की गई है। कॉलेज से सम्बधित प्रत्येक गतिविधि की जानकारी इस वैबसाईट पर उपलब्ध है। जो विद्यार्थियों, प्राध्यापकों तथा सम्बधित विभागों के लिए तो उपयोगी होती ही है साथ ही उन व्यक्तियों के लिए भी अत्यन्त लाभकारी साबित होती है, जिन्हें कॉलेज से सम्बधित किसी जानकारी की आवश्यकता हो।

## ईको क्लब (ECO CLUB)

राजकीय महाविद्यालय नौरा में हर वर्ष की भांति इस बार भी ईको क्लब का गठन किया गया। महाविद्यालय में उदघाटन सत्र के दौरान सभी विद्यार्थियों को ईको क्लब के बारे में जानकारी दी गई थी। जिन विद्यार्थियों ने ईको क्लब की सदस्यता ली उनको इस क्लब के उददेश्य व गतिविधियों के बारे मे अवगत करवाया गया। आजादी का अमृत महोत्सव और हिमाचल के पूर्ण राज्यत्व की 50वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के ईको क्लब द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान एवं सौदंर्यीकरण का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राध्यापको व विद्यार्थियों द्वारा कोविड नियमों का पूर्णतया पालन किया गया।

**Career Guidence and Counselling Placement cell** इकाई बच्चों का सर्वागीण विकास करने में मुख्य भूमिका निभाती है यह इकाई बच्चों के शैक्षणिक, मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक विकास के लिए समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करती है। इकाई सामाजिक कुरीतियों के बारे में बच्चों को अवगत कराती है जिसके अन्तर्गत गुंजन संगठन धर्मशाला द्वारा पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। बच्चों ने इस सत्र में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इकाई समय -समय पर बच्चों को भविष्य के विकल्पों पर भी मार्गदर्शन करती है।

## पूर्व छात्र संघ (OSA)

इस वर्ष महाविद्यालय में पूर्व छात्र संघ की कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से सत्र 2021-22 के लिए किया गया। जो इस प्रकार है :-

| क्र0 | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | डा. संजीवन कटोच | संरक्षक / प्राचार्या |
| 2. | श्री अनुज कुमार | अध्यक्ष |
| 3. | श्री मती संध्या देवी | उपाध्यक्ष |
| 4. | श्री सुरजीत कुमार | सदस्य |

## महाविद्यालय पुस्तकालय :-

विद्यार्थियों की बौद्धिक, मानसिक एवं नैतिक अभिव्यक्ति को निखारने हेतु पुस्तकालय की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। हमारे महाविद्यालय का एक सुसज्जित पुस्तकालय है। वर्तमान में पुस्तकालय में विभिन्न विषयों से सम्बन्धित 3034 पुस्तकों का संग्रह है जिसमें पाठ्य पुस्तकें हिन्दी व अंग्रेजी साहित्य, जीवनी तथा संदर्भ पुस्तकें उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में लगभग 2622 पाठ्य पुस्तकें तथा साहित्य 118 जीवनी **Biographies** 294 पुस्तके सदर्भ व प्रतियोगिता परीक्षाऐं उपलब्ध है। हमारे पुस्तकालय में 5 मैगजीन व 6 समाचार पत्र आते हैं जिसमें रोजगार समाचार पत्र भी शामिल हैं। हमारा पुस्तकालय पूर्णतया कम्पयुटरीकृत है जिसमें पाठक **Reader** एक क्लिक पर संम्पूर्ण पाठ्य सामग्री की जानकारी प्राप्त कर सकता है अगर वह आख्या **Title** प्रकाशक लेखक विषय में से किसी एक के बारे में जानकारी रखता है। पुस्तकालय में हर वर्ष पुस्तक प्रदर्शनी लगाई जाती है ताकि प्रत्येक पाठक पुस्तकालय में उपलब्ध सामग्री से भलीभान्ति परिचित हो सके।

## आँतरिक गुणवत्ता आकलन प्रकोष्ठ (IQAC)

महाविद्यालय में शैक्षणिक कार्यप्रणाली तथा अन्य गतिविधियों में गुणवता बनाये रखने के लिए आंतरिक गुणवता आकलन प्रकोष्ठ IQAC का गठन किया गया है। इसके द्वारा शिक्षा सत्र के दौरान महाविद्यायल में हुई विभिन्न गतिविधियों, विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों की निजी उपलब्धियों तथा शैक्षणिक संख्या व सामुदायिक उपलब्धियों के विकास में किए जाने वाले योगदान का अभिलेख रखा जाता है। इस प्रकोष्ठ द्वारा नए शोध को बढ़ावा देने एवं अध्यापन हेतु अभिनव तकनीक अपनाने के उदेश्य से प्राध्यापकों एवं अन्य कर्मचारियों को समय-समय पर सेमिनार, सम्मेलन, कार्यशाला, ओरिएण्टेशन प्रोग्राम, पुनश्चर्या पाठयक्रम तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमोंमें हिस्सा लेने हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित किया जाता है। वर्तमान सत्र में प्रो. राका शर्मा आंतरिक गुणवता आकलन प्रकोष्ठ की समन्वयक हैं।

## राष्ट्रीय मूल्याँकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC)

NAAC मान्यता के लिए IQAC ने जो SSR 11 फरवरी 2019 को जमा करवाई थी उसका अनुमोदन 20 मार्च2019 को प्राप्त हुआ। 22 और 23 अप्रैल को NAAC Peer team ने महाविद्यालय का दौरा किया। team के मूल्यांकन के उपरान्त महाविद्यालय को c grde CGOA 1.89 के साथ मान्यता प्रदान की गई। सत्र 2019-2020की AQAR Annual Quality Assuramce Report सफलतापूर्वक निवेदित की गई।

## महिला प्रकोष्ठ (WOMEN CELL)

महाविद्यालय में सभी छात्राओं व अन्य महिलाओं को सुरक्षित एवं शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए उद्देश्य से हमारे महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ womem cell का गठन किया गया है। इस प्रकोष्ठ के माध्यम से छात्राओं के समग्र विकास के लिए समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। प्रकोष्ठ द्वारा मेंहदी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनाँक 08 मार्च 2022 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।

## रेड रिबन क्लब (RED RIBBON CLUB)

महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के समन्वयक, प्रोफेसर राजीव भूरिया के समन्वय में सत्र 2021-22 में इस क्लब की गतिविधियाँ इस प्रकार रही।

1. रैड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी ने 19 अक्टूबर 2021 को रैड रिबन क्लब के नोडल अधिकारियों के एक दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लिया। जागरूकता कार्यक्रम का विषय, रक्तदान, एच.आई.वी. एड्स और टी.बी. था तो जोनल अस्पताल धर्मशाला के काफ्रेंस हॉल में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम अधिकारी कांगड़ा द्वारा आयोजित किया गया था।
2. रैड रिबन क्लब के दो छात्रों ने 22 अक्टूबर 2021 को एक दिवसीय प्रशिक्षण जिसका विषय रक्तदान एच.आई.वी .एडस और टी.बी. जागरूकता में भाग लिया। यह कार्यक्रम जोनल अस्पताल धर्मशाला के काफ्रेंस हॉल में नशीली दवाओं के दुरुपयोग रोकथाम अधिकारी कांगड़ा द्वारा आयोजित किया गया था।
3. रैड रिबन क्लब द्वारा 12/11/2021 को बॉटनिकल गार्डन में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।
4. रैड रिबन क्लब द्वारा 01/12/2021 को विश्व एड्स दिवस पर विद्यार्थियों की रैली का आयोजन किया गया।
5. रैड रिबन क्लब द्वारा 01/12/2021 को एडस की रोकथाम और जागरूकता विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## रोवर्ज एंड रेंजर्स (Rovers and Rangers)

रोवर्ज एण्ड रेंजर्स इकाई में इस वर्ष 32 विद्यार्थियों ने अपना नाम दर्ज करवाया इकाई ने 2021-2022 ने निम्नलिखित कार्य किएः-

1. 15.08.2021 को रोवरस रेजंरस इकाई के द्वारा ऑनलाइन स्वतत्रंता दिवस मनाया गया । इस अवसर पर ऑनलाइन रंगोली तथा पोस्टर मेकिगं गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनका विषय भ्रष्टाचार से आजादी, काले धन से आजादी, नशे से आजादी था।

2 12.11.2021 को रोवरस एण्ड रेजंरस इकाई ने वनस्पति उद्यान में स्वच्छता अभियान चलाया।

3 01.12.2021 को रोवरस एण्ड रेजरस इकाई द्वारा रेड रिवन क्लब के साथ मिलकर वर्ल्ड एडस दिवसे मनाया गया । इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गई जिसके माध्यम से लोगों को एडस के खतरे के प्रति जागरूक किया गया।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत (EK Bharat Shrestha Bharat)

एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लव में इस वर्ष 30 विद्यार्थियों ने अपना नाम दर्ज करवाया। क्लव ने 2021-2022 में निम्नलिखित कार्य किएः-

15-08-2021 को एक भारत श्रेष्ठ भारत तथा रोवरस एण्ड रेजंरस इकाई के साथ मिलकर स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर ऑनलाइन रंगोली तथा पोस्टर मैकिंग आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। तिरगों के तीन रगों का प्रयोग कर विद्याथियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया तथा देश के प्रति सम्मान दिखाया।

## साहित्यि समाज

महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को साहित्य के विभिन्न स्वरूपों से अवगत करने के लिए साहित्यिक समाज के माध्यम से समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी दिवस को मनाया गया और अंग्रेजी विभाग ने निबन्ध लेखन नारा लेखन एवं पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया गया।

## भवन निधि समिति (BUILDING FUND COMMITTEE)

मान्यवर विद्यालय के भवन निर्माण के लिए प्राचार्या डॉ. संजीवन कटोच की अध्यक्षता में भवन निधि समिति गठित की है। जिसका कार्यभार दो वर्षो तक 2020-22 तक है यह समिति महाविद्यालय में हो रहे विकास कार्यो को सुचारु रुप से कार्यान्वित करने के लिए बनी है। इसके सदस्य इस प्रकार हैं :-

| क्रं0 | नाम | कार्यालयपद | पद |
|---|---|---|---|
| 1. | डा. संजीवन कटोच | प्राचार्या, गवर्नमेंट कॉलेज नौरा | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. कमल कुमार | कॉलेज के प्राध्यापक | सदस्य |
| 3. | श्री विकास धीमान | प्रधान ग्राम पंचायत नौरा | सदस्य |
| 4. | श्री संजय कुमार | जूनियर इंजीनियर लोक निर्माण विभाग | सदस्य |
| 5. | श्री विधि चन्द | प्रधान अभिभावक - अध्यापक संघ | सदस्य |
| 6. | श्री अनिल कुमार | सुपरिटेन्डेण्ट महाविद्यालय नौरा | सदस्य |
| 7. | सपना कुमारी | प्रधान छात्र संगठन नौरा | सदस्य |

## Career Guidance Counselling & Placement Cell

यह Cell 2017 से महाविद्यालय में कार्य कर रहा है। तथा इसके अंतर्गत विद्यार्थियों के भविष्य से सम्बंधित विविध प्रकार की गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। वर्तमान सत्र में भी कई शैक्षिक व्याख्यानों , प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं तथा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वर्तमान में प्रो. सुनीता इस Cell की समन्वयक हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.)

**N.S.S.** कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पवन राणा के कुशल मार्गदर्शन में **N.S.S**. की एक यूनिट कार्यरत हैं जिसमें 35 छात्र तथा 25 छात्राएं पंजीकृत हैं। इस यूनिट ने निम्नलिखित गतिविधियों के माध्यम से कॉलेज में समाज को जागरूक करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया:-

1. 07.08.2021 को N.S.S. स्वंयसेवियों ने एक दिवसीय कैंप के दौरान कॉलेज परिसर की साफ-सफाई की।
2. 12.08.2021 को स्वच्छता अभियान पर पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता आयोजित की गई।
3. 15.08.2021 को N.S.S. के स्वयंसेवियों ने स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। राष्ट्रगीत व देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी।
4. 20.08.2021 को सदभावना दिवस मनाया गया।
5. 05.09.2021 को N.S.S. के स्वयंसेवियों ने कॉलेज परिसर में शिक्षक दिवस मनाया।
6. 24.09.2021 को N.S.S. Day के स्थापना दिवस पर भाषण प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता व कविता पाठ का आयोजन किया गया।
7. 02.10.2021 को N.S.S. के स्वयंसेवियों ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया।

8. 07.10.2021 को N.S.S. का कैंप लगाया जिसमें कॉलेज कैंपस की क्यारियों की साफ सफाई की।

9. 30.10.2021 को N.S.S.के छात्रों ने रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया।

10. 26.11.2021 को N.S.S. यूनिट ने महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया।

11. 01.12.2021 को **World Aids Day** मनाया गया व रैली का आयोजन भी किया।

12. 02.12.2021 से 08.12.2021 को N.S.S. यूनिट के स्वयंसेवियों ने नए मतदाता पंजीकरण अभियान चलाया जिसमें 50 नए मतदाता बनाए गए।

13. 15.12.2021 को N.S.S. के स्वयंसेवी धर्मशाला स्थित तपोवन में विधानसभा की कार्यवाही देखने गए।

## Achievements Of Faculty Members in 2021-22

Mrs. Raka Sharma, Associate Professor in English

- Attended the international Web conference Entitled "Contemporary Cinema at International Film Festival" Jointly organized by IIT Madras and CPRACSIS from 7-12-2021 to 11-12-2021.

. Dr. Gagan Jaggi , Associate Professor in Commerce

- Published a research paper on "An organizational Climate of Hydropower Projects in Himachal Pradesh" International Research Journal Of Management Sociology and Humanities, Vol 12, Issue 7, year 2021. ISSN-2277-9809
- Published a research paper on "Growth and Employment Generation in Micro, Small and Medium Enterprises in India" Journal of Emerging Technologies and Innovative Research, 2021, ISSN-2349-5162, Peered reviewed Referred Journal
- Written A book entitled "Income Tax Law and Practices" B.Com 11nd Year, H.P. University, revised edition 2021-22 , ISBN-978-93-5181-188-6. Sharma Publication Jalandhar (Punjab)

Dr Anupama Dogra , Associate Professor in Mathematics

- Presented a research paper in National workshop on the topic "Challenges and Reaffirmation of Sanatan Dharma" organized by Akshay Seva Sadan on 14th November, 2021.

Dr Hitesh Thakur, Assistant Professor in Botany

- Delivered a lecture as resource person on Topic "Cloning and Gene expression Analysis of Genes involved in Secondary Metabolic Pathways" under DBT Star College Scheme Government of India, New Delhi
- External Subject Expert for Biotechnology and Microbiology Guest Faculty Screening at Government College, Baijnath, Kangra, Himachal Pradesh.
- Reviewer of following international peer reviewed journals
- Gene,55, Elsevier, Amsterdam, The Netherlands

- Gene Reports, 55, Elsevier, Amsterdam, The Netherlands.
- Biocatalysis and Agricultural Biotechnology, 55, Elsevier, Amsterdam, The Netherlands
- Donated blood 23 times on 30/12/2021 at Fortis Hospital, Kangra

## Dr, Pardeep Singh, Assistant Professor in Commerce

- Attended Refresher Course in Business Analytics at UGC-HRDC at Osmainia University, Hyderabad, (Telengana ) from 13-09-2021 to 25-09-2021.

## Mr. Pawan Kumar, Assistant Professor in Political Science

- Attended an Orientation Programme at UGC_HRDC at Ramanujan College at University of Delhi from 21-08-2021 to 19-09-2021.

## Mrs. Sunita , Assistant Professor in English

- Attended one day State Level Poetry Competition held on 7th July, 2021 by Chander Dhar Guleri , Govt. College Haripur Guler, Kangra, H.P.
- Participated in the National Webinar on National Education Policy 2020: Role of information Technology and I.T. teachers held on 26 August , 2021 , organized by school of information science , Dr. B.R. Ambedkar University of Social Sciences.
- Attended one week National level Faculty Development Programme on the topic "New Paradigms in Teaching & Learning English" organized by Department of Humanities of St. Claret College from 23-08-2021 to 28-08-2021.
- Published a Chapter in the book named "Women Employment and Social Change in India" and "Role of Women in Politics and Literature"

## Dr. Vivek Sharma, Assistant Professor in Physics

- Attended workshop organized by Indian Association of Physics Teacher (IAPT)-RC3 on "Online Experiment for classical Mechanics Lab using Tracker software" on July 17, 2021.
- Attended online faculty development programme on quantum Physics Simulations Using Gnumeric Worksheet " from 01-08-2021 to 07-08-2021 organized by the Department of Physics and Astronomical Science s Central University of Himachal Pradesh (CUHP) and Indian Association of Physics Teachers-Regional Council 3 (IAPT-RC3)
- Attended 11 Days National Yoga Camp "Discover Your Inner Peace" at Govt. College Daulatpur Chowk, Distt. Una from 11-06-2021 to 21-06-2021 on the occasion of international Yoga
- Published a research paper on "Modulation instability in the presence of slowly varying saturable nonlinearity, dispersion and a PT-symmetric external potential over the length of wave guide" Journal of nonlinear optical physics and materials, Vol. 30, (2021).

## Mrs. Sapna, Assistant Professor in History

- Attended one month Faculty Development Programme (Gurudakhsta-05) from 12th July 2021 to 10th August 2021 and obtained A grade organized by Human Development centre Himachal Pradesh University ,Shimla
- Attended one day State Level Beginner's Course at Government College, Hamirpur, Himachal Pradesh on 21st December,2021

## Anti Ragging Cell & Discipline Committee

रैगिग रोधी प्रकोष्ठ अनुशासन समिति Anti Ragging Cell & Discipline Committee राजकीय महाविद्यालय नौरा में 2006 से रोधी प्रकोष्ठ की स्थापना हुई है। कैम्पस के अन्दर सभी रूपों से रैगिगं पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित है। कोविड-19 के सभी नियमों को राज्य सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों की अनुपालना की जाती है। वर्तमान समय में डा0 गगन जग्गी इस कमेटी के समन्वयक है। इसके अतिरिक्त अन्य सदस्य भी हैं।




# Annual Report Committee:-

1. Dr. Gagan Jaggi
2. Prof. Manak Suryavanshi
3. Dr. Pardeep Singh

Printed at: Him Associates, Dhira # 9805364264